यूँ रूठो ना कन्हैया समझाए यशोदा मैया भजन लिरिक्स

यूँ रूठो ना कन्हैया,
समझाए यशोदा मैया,
समझाए यशोदा मैया,
यूँ रूठो न कन्हैया।bd।

मिश्री मलाई माखन,
दही दूध तुमको दूँगी,
तुमको लगे नज़र ना,
सारी बलाए लूँगी,
आंखों में दूँगी काज़ल,
माथे तिलक करूँगी,
केशों को मैं सजा के,
सिर में मुकुट धरूंगी,
यूँ रूठो न कन्हैया।bd।

कानों में डालूँ कुंडल,
गालों में तिल लगाऊँ,
पहना के पग में पायल,
तुमको सुघर बनाऊँ,
आकाश का ये चंदा,
धरती पे मैं उतारूँ,
चंदा को तुम निहारो,
और मैं तुम्हे निहारूँ,
यूँ रूठो न कन्हैया।bd।

बंधन जनम मरण के,
है नाथ खत्म करदो,
भक्तों को देके दर्शन,
हमको सनाथ करदो,
‘राजेन्द्र’ गाये गुण जब,
आना पड़ेगा तुमको,
मझधार से कन्हैया,
उस पार करना हमको,
यूँ रूठो न कन्हैया।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

यूँ रूठो ना कन्हैया,
समझाए यशोदा मैया,
समझाए यशोदा मैया,
यूँ रूठो न कन्हैया।bd।

गीतकार / गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।
8839262340

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com